# जेम पोर्टल पर आम जनता भी खरीद सकेगी ओडीओपी उत्पाद

- अभी तक सिर्फ सरकारी विभाग ही इस पोर्टल पर जाकर खरीदारी कर सकते थे
- पोर्टल पर ओडीओपी उत्पाद के फोल्डर में क्लिक करते ही दिखेंगे सभी उत्पाद

जागरण संवाददाता, कानपुर : एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत चयनित उत्पादों को अब जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है। इन उत्पादों को अब जेम (गवर्नमेंट ई मार्केट) पोर्टल के जरिए कोई भी खरीद सकेगा। इस पोर्टल पर सिर्फ सरकारी विभाग ही खरीदारी कर सकते थे, लेकिन ओडीओपी के उत्पादों की सरकारी विभागों में बहुत ज्यादा खपत नहीं होती। इसलिए पोर्टल को आम जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जेम पोर्टल पर देश भर में ओडीओपी योजना के तहत वस्तुएं बना रहे शिल्पकारों, उद्यमियों के उत्पाद मौजूद हैं। अभी ज्यादातर उत्पादों को उपहार में देने के हिसाब से ही सरकारी विभागों में भी खरीदा जाता है, इसके अलावा बहुत से उत्पादों का सरकारी खरीद से कोई मतलब नहीं होता। ऐसे में इन उत्पादों को बनाने वालों को बाजार तलाशने में काफी मुश्किल होती है। अब सरकार ओडीओपी के उत्पाद को बनाने वालों को एक ऐसा आनलाइन बाजार भी उपलब्ध कराने जा रही है, जिससे इन उत्पादों को आम जनता भी देख सके और खरीद सके। इसीलिए जेम पोर्टल के ओडीओपी फोल्डर तक आम जनता को भी पहुंच देने की तैयारी है। एक क्लिक पर सभी उत्पादों की सूची सामने होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग ने इसके लिए पत्र जारी किया है। पोर्टल से जुड़ने के लिए ओडीओपी योजना के तहत उत्पाद बना रहे निर्माताओं को भी पंजीयन कराना होगा।